**Government National College, Sirsa**

**Cultural & Co-curricular Activities Committee**

**Talent Hunt'2025 from 30-09-2025 to 01-10-2025**

# REPORT

**प्रतिभा खोज प्रतियोगिता,'कला तरंगिणी' 2025 का आयोजन**

राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 'कला तरंगिणी' कार्यक्रम प्राचार्य डॉ हरजिंदर सिंह व सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ. स्मृति कंबोज, सह प्रभारी डॉ बलदेव सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, फोटोग्राफी, कार्टूनिंग ,गीत, संगीत, नृत्य एवं रंगमंच से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने की। उपप्राचार्य डॉ हरविंदर ने बताया कि चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर 'कला तरंगिणी' के माध्यम से किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेंद्र कुमार भंवरिया व डॉ मधु उपस्थित रहे। वही विशेष अतिथि के रूप में श्री ब्रह्मजीत सिंह 'बन्टा' श्री गुरप्रीत सिंह, श्री राजेंद्र सिंह एवं श्री साहिब सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, फोटोग्राफी, एकल गायन, वादन, नृत्य एवं रंगमंच की विभिन्न विधाओं में आयोजित प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ सविता, डॉ राज सिहाग, भाषण प्रतियोगिता में डॉ कर्मजीत कौर, डॉ शोभा, पेंटिंग, फोटोग्राफी, कार्टूनिंग में डॉ नवप्रीत, व प्रो जसवंत, गायन एवं वादन प्रतियोगिताओं का नेतृत्व प्रो. रमेश सोनी, सुश्री अमनदीप कौर एवं श्री कर्मवीर कौशिक ने किया। नृत्य की प्रतियोगिताओं का कुशल संयोजन डॉ. पूनम सेतिया, सुश्री पवनवीर कौर, सुश्री मीनू कुमारी, सुश्री सरोज ने किया, वहीं रंगमंच का नेतृत्व डॉ. राज एवं डॉ. मंजू मेहता ने किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. साक्षी मेहता, डॉ. हरविन्द्र सिंह एवं श्री कर्मवीर कौशिक ने बखूबी निभाई। प्रतिभागियों के लिए जलपान व्यवस्था का संयोजन डॉ. शेर सिंह के कुशल नेतृत्व में हुआ। डॉ. बलदेव सिंह के नेतृत्व में अनुशासन व्यवस्था का समुचित संचालन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. राजेंद्र कुमार भंवरिया ने अपने उत्साहवर्धक संबोधन में कहा कि नेशनल कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभा के भंडार हैं। वे हर क्षेत्र में अपनी कला एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सरस्वती संगीत विभाग, चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा एवं श्री करण लड्ढा, निदेशक के. एल. थिएटर ने निभाई। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने विजेताओं को बधाई दी तथा आए हुए अतिथि गणों एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में धुरी बने सभी स्टाफ सदस्यों को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।